भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1561

उत्तर देने की तारीख 12 दिसम्बर, 2023

21 अग्रहायण, 1945 (शक)

खेलों के विकास के लिए निधि

1561. श्री एस. आर. पार्थिबन:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु राज्य के लिए खेल अवसंरचना के विकास हेतु आबंटित संवितरित और उपयोग की गई निधि का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान बुनियादी खेल अवसंरचना के उन्नयन के लिए संवितरण में वृद्धि की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तमिलनाडु राज्य का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेल अवसंरचना सुविधाओं के विकास सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का होता है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को दूरकर उनके प्रयासों में सहायता करती है। तथापि, इस मंत्रालय ने राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत विभिन्न श्रेणियों की 307 खेल अवसंरचना परियोजनाओं (30.11.2023 तक) को संस्वीकृत किया है। तमिलनाडु राज्य सहित, खेलो इंडिया स्कीम के तहत संस्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण https://mdsd.khiloindia.gov.in डैशबोर्ड पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ख) और (ग): इस मंत्रालय में धनराशि योजना-वार आवंटित की जाती है, न कि राज्य-वार।

*****